नेशनल हैवी वेहिकल रेग्युलेटर (राष्ट्रीय भारी वाहन नियामक) न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) में सुरंगों में प्रवेश करने वाले ज़रूरत से अधिक ऊंचे ट्रकों के प्रति (NHVR) की शून्य सहिष्णुता है, क्योंकि गैर-अनुपालनीय वाहन सड़क के अन्य उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं और यातायात में गंभीर विलंब और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुँचाने का खतरा पैदा करते हैं।

सड़क पर सुरक्षा हर किसी की जिम्मेदारी है, लेकिन भारी वाहनों को चलाना और भी अधिक चुनौतियाँ पैदा करता है। यहाँ कुछ निवारक कार्रवाई बताई गई है, जिसका पालन करके आप यह सुनिश्चित कर सकते/ती हैं कि आप अपने ज़रूरत से अधिक ऊँचे वाहन को सुरंग में प्रवेश न करें।

## हमारी सड़कों की सुरक्षा के लिए अपने लोड (भार) की जांच करें

प्रस्थान से पहले जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि:

- आपके वाहन में लोड के प्रकार और आकार को समायोजित करने की क्षमता है।
- लोड को सुरक्षित रूप से बांधा गया है, ताकि यात्रा के दौरान इसके गिरने या बाहर निकल जाने की संभावना न हो।
- उचित संयम विधि का उपयोग करके लोड को बांधा जाता है। ढीला-ढाला या सही तरीके से नहीं बांधा गया लोड दूसरों के लिए प्राणघातक हो सकता है, संपत्ति को नुकसान पहुँचा सकता है या खतरे पैदा कर सकता है।
- लोड को सुरक्षित रूप से बांधने वाले उपकरण चालू हालत में हैं और उन्हें उचित कार्यस्तर प्राप्त है।
- पर्याप्त स्थिरता, स्टीयरिंग और ब्रेकिंग बनाए रखने के लिए वाहन पर लोड की पोज़िशन निर्धारित करें।

## यदि आप वाहन को इन ऊँचाइयों से ऊपर चलाते/ती हैं तो सुरंग में प्रवेश न करें:

| | |
|---|---|
| Airport | **4.4m** |
| City West link (east bound only) | **4.6m** |
| Cross City Tunnel | **4.4m** |
| Domain | **4.4m** |
| Eastern Distributor | **4.4m** |
| Kings Cross | **4.4m** |
| Lane Cove | **4.4m** |
| Hills M2 Motorway | **5.0m** |
| M5 East Cooks River | **4.4m** |
| M5 East Main | **4.6m** |
| M8 | **5.1m** |
| M4 – M8 Link | **5.1m** |
| M4 Tunnels | **5.1m** |
| Sydney Harbour Tunnel | **4.4m** |
| NorthConnex | **5.1m** |

**ध्यान दें: उपरोक्त 'm' मीटर इकाई को दर्शाने का छोटा रूप है।**

यदिआपके वाहन की ऊँचाई इन ऊंचाइयों से अधकि है, तो प्रदान कएि गए वैकल्पकि मार्ग के लिए सड़क के कनिारे लगे संकेतों का पालन करना सुनश्चिति करें।
और अधिक जानकारी के लिए यह वेबसाइट देखें
www.transport.nsw.gov.au/operations/nsw-roads-network/using-sydney's-tunnels

## हमसे संपर्क करें

NHVR की गतिविधियों, प्रकार्यों और सेवाओं के बारे में और अधिक जानकारी के लिए **www.nhvr.gov.au** देखें
या हमसे निम्नलिखित माध्यमों से संपर्क करें


**ई-मेल** info@nhvr.gov.au
**फोन** 13 NHVR (13 64 87)*

©कॉपीराइट नेशनल हैवी वेहिकल रेग्युलेटर 2023, creativecommons.org/licenses/by-sa/3.0/au अस्वीकरण: यह जानकारी केवल एक संदर्शिका है और इसपर कानूनी सलाह के तौर पर निर्भर नहीं करना चाहिए।
* मानक 13 XX XX कॉल शुल्क लागू हैं। कृपया अपने फोन प्रदाता के साथ जांच करें

230705

NHVR


# ओवर-हाइट (ज़रूरत से अधिक ऊँचे) ट्रकों के सुरंगों में प्रवेश करने के बारे में हमारा दृष्टिकोण



## अपने लोड (भार) को मापना

एनएसडब्ल्यू में ऑस्ट्रेलिया के किसी भी अन्य राज्य की तुलना में कम ऊँचाई वाले पुलों और सुरंगों की संख्या अधिक है। आपके लिए अपने लोड को मापना अनिवार्य है और जिस मार्ग पर आप यात्रा करना चाहते/ती हैं, यह उसकी कानूनी सीमाओं के अनुसार होना चाहिए।

- हाइट स्टिक, मापने वाले टेप, लेज़र तकनीक या मापने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग करके अपने लोड की ऊंचाई की जांच करें।
- एनएसडब्ल्यू में 4.3मीटर से अधिक ऊंचे भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित यात्रा-नियम हैं और उन्हें अनुमोदित सड़क नेटवर्क का उपयोग करना होगा।
- यदि आपके वाहन की ऊँचाई 4.3मीटर से अधिक है, तो आवश्यक राष्ट्रीय या राज्य नोटिस या NHVR से एक्सेस परमिट का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।
- भारी वाहनों के लिए निर्धारित आयाम आवश्यकताएँ भारी वाहन (द्रव्यमान, आयाम और लोडिंग) राष्ट्रीय विनियमन के तहत निर्धारित की गई हैं।
- भारी वाहनों के लिए ऊँचाई की सीमा 4.3मीटर है, बशर्ते कि यह एक ऐसा:
  - वाहन हो जिसे पशु, घोड़े, सुअर, या भेड़ें ले जाने के लिए बनाया गया हो - 4.6मीटर
  - वाहन हो जिसमें वाहनों को ले जाने के लिए दो डेक हों - 4.6मीटर
  - डबल डेकर बस हो - 4.4मीटर
- अन्य निर्धारित आयाम देखने के लिए www.nhvr.gov.au/road-access/mass-dimension-and-loading/general-mass-and-dimension-limits पर जाएँ




## अपनी यात्रा की योजना बनाना:

- आप NHVR के रूट प्लानर का उपयोग कर सकते/ती हैं, जिसमें भारी वाहनों के उपयोग के लिए अनुमोदित मार्गों के नक्शे दिए गए हैं।
- रूट प्लानर का उपयोग करके आपको इस बात की पहचान करने में भी मदद मिल सकती है कि एक्सेस परमिट का आवेदन कहाँ करने की आवश्यकता हो सकती है।
- आप Restricted Access Vehicle (RAV) मैप्स वेबसाइट पर जाकर यह पता लगा सकते/ती हैं कि आपको किन सड़कों पर गाड़ी चलाने की अनुमति है।
- यदि आप 4.6मीटर ऊंचे वाहन नोटिस के तहत परिचालन कर रहे/ही हैं, तो 4.6मीटर तक ऊंचे वाहनों के लिए स्वीकृत सड़कों का उपयोग करें।
- अपनी यात्रा शुरू करने से पहले सभी महत्वपूर्ण स्थानों के बारे में अवगत रहें।
- अपने वाहन और लोड की जांच-पड़ताल करने के लिए स्टॉप्स निर्धारित करें।
- रूट (मार्ग) में होने वाले बदलावों के लिए योजना बनाएँ।

## ट्रांज़िट में:

- पूरी यात्रा के दौरान नियमित अंतरालों पर अपने लोड की गतिशीलता की जाँच करें, क्योंकि यह गतिशील हो सकता है।
- ज़रूरत पड़ने पर विश्राम क्षेत्रों में वाहन रोकें।
- सुरंग या पुल की ऊँचाई क्लियरेंसेज़ से अवगत होना सुनिश्चित करें। आपकी सहायता के लिए एनएसडब्ल्यू सड़क नेटवर्क, विशेष रूप से सिडनी मेट्रोपॉलिटन पर चेतावनी संकेत दिए गए हैं और कई प्रमुख साइटों पर सेंसर और मीडियन पट्टियाँ हैं।



## जुर्माने

हाल ही में, ज़रूरत से अधिक ऊँचे वाहनों के लिए जुर्माने बढ़ाए गए थे। इनमें शामिल हैं:

- कम क्लियरेंस संकेत का अनुपालन न करने वाले ज़रूरत से अधिक ऊँचाई के ट्रकों के लिए $5,500 तक का जुर्माना और 12 डिमेरिट प्वाइंट्स।
- Transport for NSW अधिकतम छह महीनों के लिए ड्राइवर के लाइसेंस की निलंबन अवधि जारी कर सकता है।
- Transport for NSW अधिकतम छह महीनों के लिए ट्रकों की पंजीकरण निलंबन अवधि जारी कर सकता है।



## हमारे बारे में

हमारी स्थापना 2013 में ऑस्ट्रेलिया में भारी वाहनों के एकमात्र राष्ट्रीय नियामक होने और कई कानूनों के प्रशासन व प्रवर्तन के लिए की गई थी, जिसे भारी वाहन राष्ट्रीय कानून (हैवी वेहिकल नेशनल लॉ) (HVNL) के रूप में जाना जाता है। नॉर्दर्न टेरिटरी और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के अलावा सभी राज्यों और राज्य-क्षेत्रों ने भारी वाहनों के लिए एकमात्र नियम पुस्तक के तौर पर HVNL को अपना लिया है। इसने सेवा वितरण, अनुपालन और प्रवर्तन के लिए अधिक सुव्यवस्थित दृष्टिकोण और भारी वाहनों को विनियमित करने के तरीके में काफी हद तक स्थिरता को सक्षम किया है। हम ड्राइवरों और मोटर चालकों, इन दोनों के लिए भारी वाहन शिक्षा पर पुरजोर ध्यान केन्द्रित करते हैं।